# पारि–पुनर्स्थापन वन अनुसंधान केन्द्र प्रयागराज
# FOREST RESEARCH CENTRE FOR ECO-REHABILITATION PRAYAGRAJ

## मण्डलीय फल शाक भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी–2021 में वानिकी तकनीक प्रदर्शन

## (20–21 फरवरी, 2021)

दिनांक 20.02.2021 को राजकीय उद्यान, शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज में दो दिवसीय **''मण्डलीय फल शाक भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी–2021''** का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रदर्शन शिविरों के साथ पारि–पुनर्स्थापन वन अनुसंधान केन्द्र, प्रयागराज द्वारा भी प्रदर्शन शिविर लगाया गया, जिसके अन्तर्गत विभिन्न प्रदर्शन एवं प्रचार सामग्री यथा कृषिवानिकी, वृक्षारोपण, भूमि–सुधार के मॉडल, क्षेत्र के लिए उपयुक्त वानिकी एवं औषधीय प्रजातियों के पौधे तथा सम्बन्धित अनुसंधान पुस्तकें एवं अन्य प्रकाशन प्रदर्शित किये गये।



दो दिवसीय प्रदर्शन शिविर में केन्द्र प्रमुख डा0 संजय सिंह के साथ वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 कुमुद दूबे, अनीता तोमर की उपस्थिति में विभिन्न अनुसंधान अध्येताओं द्वारा शिविर में आये हुए आगन्तुकों को वानिकी से सम्बन्धित जानकारियां साझा की गयी। केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा कृषिवानिकी के उपयोग तथा इससे होने वाले लाभ से अवगत कराया गया। प्रदर्शनी में आये हुए औषधीय तथा वन प्रेमियों को उनकी इच्छा पर केन्द्र द्वारा कुछ पुस्तकों को निर्धारित मूल्य पर विक्रय करने के साथ ही कृषिवानिकी आधारित कुछ ब्राउचर भी वितरित किये गये।




वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 कुमुद दूबे ने शिविर में आये लोगों से अधिक से अधिक वन रोपण हेतु अनुरोध किया इसी क्रम में आगन्तुकों को वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 अनीता तोमर द्वारा पौधों की विभिन्न प्रजातियों तथा उनके रोपण हेतु अनुकूल मौसम, मिट्टी के साथ पानी तथा खाद की उचित मात्रा पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम के अन्तिम दिन पौधरोपण हेतु इच्छुक व्यक्तियों को केन्द्र द्वारा पौधे वितरित किये गये।

उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि माननीय न्यायाधीश, उच्च न्यायालय इलाहाबा श्रीमती मंजू रानी चौहान सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा केन्द्र के प्रदर्शन स्टॉल का भ्रमण करने के पश्चात् व्यापक सराहना की गयी। केन्द्र को उत्कृष्ट सहभाग का प्रमाण–पत्र भी प्राप्त हुआ।



'20-21 February, 2021'
at
RATNAPRASH


REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA



# दो दिवसीय प्रदर्शन शिविर-मण्डलीय फल शाक भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2021 में विभिन्न प्रदर्शन




**बालजी न्यूज**

प्रयागराज। राजकीय उद्यान, चन्द्रशेखर आजाद पार्क , प्रयागराज में चल रहे दो दिवसीय प्रदर्शन शिविर-मण्डलीय फल शाक भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2021 में विभिन्न प्रदर्शन शिविरों के साथ पारि-पुनर्स्थापन वन अनुसंधान केंद्र तथा भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण (मध्य क्षेत्र) प्रयागराज द्वारा संयुक्त प्रदर्शन शिविर लगाया गया। प्रदर्शन शिविर में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कुमुद दूबे के मार्गदर्शन में केंद्र के अनुसंधान अध्येताओं द्वारा विभिन्न औषधीय पौधों की उपयोगिता तथा प्रयोग के साथ कृषि वानिकी एवं भूमि सुधार से अवगत कराया गया। इसी क्रम में शिविर में आये हुए दार्शनिकों को औषधीय तथा व्यावसायिक पौधे वितरित किये गए। प्रदर्शन शिविर में जानकारी प्रदान करने हेतु अर्चना रॉय, सिंजिनी मुखर्जी, वानस्पतिक सहायक तथा अनुसंधान अध्येता के तौर पर हरिओम शुक्ल, अमन मिश्रा तथा विनीत तिवारी आदि मौजूद रहे।


Exhibition Stall
20-21 February, 2021
at
Chandrashekhar Azad Park, Government Garden, Prayagraj
Forest Research Centre for Eco-Rehabilitation
Prayagraj
(Indian Council of Forestry Research and Education, Dehradun)
Ministry of Environment, Forest and Climate Change
Government of India, New Delhi
&
Botanical Survey of India, Central Regional Centre
Allahabad
(Ministry of Environment, Forest and Climate
Change, Government of India, New Delhi)


Allahabad
(Asparagus racemosus)